STANDARD 10 HINDI – STUDY NOTES BASED ON KITE VICTERS FIRST BELL CLASS

EPISODE: 13 -DATE: 06-09-2021

पाठ का नाम : आई एम कलाम के बहाने

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) आई एम कलाम फिल्म के नायक कलाम का असल नाम क्या था?

उत्तर : उसे सब ' छोटू' कहकर पुकारते थे। वहाँ गाँव में काम करने वाले सभी बच्चों को लोग छोटू पुकारते हैं।

2) कलाम का असली घर कहाँ है ?

उत्तर :कलाम का असली घर जैसलमेर के एक सुदूर देहात में है।

3) छोटू ने कलाम नाम क्यों चुन लिया ?

उत्तर : कलाम का सपना था कि बड़े होकर राष्ट्रपति कलाम के समान बनना। इसलिए उसने कलाम नाम चुन लिया |

4) कलाम का सपना क्या था ?

उत्तर :स्कूल जाना और टीवी में देखे लंबे बालोंवाले कलाम जैसा बनना ।

5) कलाम ने किसका दिल जीत लिया ?

उत्तर :कलाम ने फ्रेंच वनिता लूसी मैडम का दिल जीत लिया।

6) लूसी मैडम कौन है ?

उत्तर :लूसी मैडम एक फ्रेंच वनिता है, जो भाटी सा की चाय की दुकान में चाय पीने के लिए गई हुई विदेशी टूरिस्ट है।

7) लूसी मैडम कलाम को क्या वादा देती है ?

उत्तर : वे उसे अपने साथ देल्ली लेकर जाएँगी और राष्ट्रपति डा कलाम से मिलवाएँगी|

8) फिल्म में कलाम क्या कर रहा है?

उत्तर : भाटी सा की चाय की दुकान में काम कर रहा है |

9) छोटू उर्फ कलाम का साथी कौन था ?

उत्तर :कुँवर रणविजय |

10) कलाम और रणविजय के बीच दोस्ती कैसे होती है?

उत्तर : पहली मुलाकात में कलाम और रणविजय के बीच घुड़सवारी सीखने और पेड़ पर चढ़ना सिखाने के लेन देन को लेकर दोस्ती हो जाती है।

11) भाषण देने के लिए कहने पर रणविजय क्यों परेशान हो गया ?

उत्तर : क्यों कि उसकी हिंदी उतनी अच्छी नहीं थी।

12) लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता है इससे आपने क्या समझा ?

उत्तर : चाय की दुकान में काम करने वाला है छोटू। लेकिन उसकी आकांक्षाएँ बड़ी है। टीवी में देखे राष्ट्रपति कलाम का भाषण सुनकर, उनसे प्रभावित होकर वह अपना नाम कलाम रख देता है। स्कूल में पढकर कलाम जैसा बड़ा आदमी बनना उसका सपना है।

13) लेकिन कलाम फिर कलाम है। लेखक के इस प्रस्ताव पर अपना विचार लिखे ।

उत्तर : राणा सा के कारिंदे कलाम पर चोरी का आरोप लगाने पर भी मित्र रणविजय से की दोस्ती का प्रण न तोड़ने के लिए वह उसको सह लेता है ।रणविजय को राणा से उससे की दोस्ती की सज़ा मिलने से बचाने के लिए वह ऐसा करता है। यहाँ कलाम ने दोस्ती को ऊँच स्थान दिया है।

14) फिल्म के अंत में कलाम क्या तय करता है ?

उत्तर : वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ. कलाम को दिल्ली जाकर देने का तय करता है।

15) कलाम ने डॉ. कलाम के नाम पर एक पत्र लिखा।वह पत्र कल्पना करके लिखें|

जैसलमेर

06 सितंबर 2005

आदरणीय राष्ट्रपति महोदय,

सादर प्रणाम | आप मेरी चिट्ठी को तार समझकर जल्दी जवाब दीजिए।मैं जैसलमेर से कुछ दूर भाटी सा के चाय की दुकान में काम करने वाला एक बच्चा हूँ ।टीवी में आपका भाषण सुनकर मैं बहुत प्रभावित हुआ।मैं आप जैसा बनना चाहता हूँ ।लेकिन मैं बड़ा गरीब हूँ ।मुझे स्कूल जाने की इच्छा है, मेरे मित्र रणविजय के साथ।लूसी मैडम ने दिल्ली ले जाकर आपसे मिलवाने का वादा किया है।

कहते हैं कि आपको बच्चे बहुत पसंद है।मुझे आपसे बहुत सी बातें करनी है।मेरा सपना है कि पढ़- लिखकर आपके समान बनना ।कृपया आप मेरी मदद कीजिए।

पत्रोत्तर की तुरंत प्रतीक्षा में

आपका आज्ञाकारी छात्र ,
(ह)
कलाम (छोटू)

सेवा में
डॉ . ए पी जे अब्दुल कलाम
राष्ट्रपति भवन
नई दिल्ली

16) कोष्ठक से उचित क्रिया रूप चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

1) लड़का पाठ. . . . . |

(लिखेगा, लिखेगी)

2) बच्चे पाठ. . . . . |

(पढेंगे, पढेगा)

3) लडकियाँ साईकिल . . . . |

(चलाएंगे, चलाएगी)

4) रमा गीत. |

(गाएगा, गाएगी)

उत्तर :

1) लड़का पाठ लिखेगा |

2) बच्चे पाठ पढेंगे ।

3) लड़कियाँ साईकिल चलाएँगी ।

4) रमा गीत गाएगी |

नवीन शब्दार्थ

सुदूर - बहुत दूर

देहात - गाँव

वाह वाही करना - प्रशंसा करना

कारिंदे - सेवक लोग

तलाश करना - खोजना, അന്വേഷിക്കുക

प्रण- प्रतिज्ञा

सजा - दंड , ശിക്ഷ

तय करना - निश्चय करना

हमनाम - समान नामवाला

हम उम्र - समान उम्रवाला

हमवतन - समान देश वाला

मंजिल - लक्ष्य

- -